>

Title: Need to start the construction of Railway Overbridges on level crossings on Barabanki-Deva road in Uttar Pradesh.

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** 2013-14 के रेल बजट में बाराबंकी-देवां रोड़ के दो रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। मैं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड तथा रेल मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से निरंतर सम्पर्क में हूँ। इसे वर्ष 2013-14 के किए जाने वाले कार्यों में सम्मिलित भी कर लिया गया है। इस कार्य को प्रारंभ करने संबंधी लगभग सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। निर्माण कार्य में देरी होने के कारण स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त होने लगा है। स्थानीय समाचार पत्रों में भी धीमी गति से पत्राचार की बात कही जाने लगी है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि बाराबंकी में स्वीकृत रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा का क्रियान्वयन करते हुए जल्द से जल्द उक्त कार्य का शिलान्यास करने की कृपा करें।